ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 27.06.2021

''वातावरण स्वच्छ बनायेगें,संचारी रोग भगायेंगें''

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 27.06.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) का कार्य कराया गया।

- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 27.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य चल रहा है।

1. अपर मुख्य सचिव महोदय के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढते सक्रमण के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार, रविवार एवं सोमवार को नगर में अवस्थित जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 27.06.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र– सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ–सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 27.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, आफीसर्स कालोनी, लोधीपुर, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालनगर, रामनगर कॉलोनी, आर्यनगर में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा तारीन बहादुरगंज, मशीनरी मार्केट, अम्बेडकर पार्क, घण्टाघर व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा बेरी चौकी से मालखाना मोड़ तक, मालखाना मोड़ से अजांन चौकी तक, मालखाना मोड़ से लोहारों वाले चौराहे तक, लोहारों वाले चौराहें से ककरा लाइन तक, लोहारों वाले चौराहें से ईदगाह रोड तक एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा अजीजगंज रैन बसेरा, गॉधी पार्क, मोक्षधाम, चौक, केरुगंज, मघई टोला में स्थित बच्चा जेल, साउथ सिटी एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया।

जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा आदर्शनगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, कोतवाली रोजा, गढ़ी गाड़ीपुरा, अहमदपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 8540 स्थलों एवं 850 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

3. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 27.06.2021 को सफाई जोन–02 में महमंद हद्दफ से तारीन टिकली तक बने नाले एवं बहादुरगंज में साई मन्दिर के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 खलीलशर्की एवं चौभुर्जी में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में मढ़ा में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के दलेलगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।